प्रमुख शासन सचिव स्वायत्त शासन विभाग ने ली समीक्षा बैठक–

लापरवाह व नाॅन परफाॅर्मिंग कार्मिकों को चार्जशीट व अनिवार्य सेवानिवृत्ति,

स्थानीय निकाय एवं स्वायत्त शासन विभाग के कार्यों में लाएं तेजी

-प्रमुख शासन सचिव

जयपुर, 28 मई। सरकार की योजनाओं और आमजन के हित को पूरा करने में यदि कोई अधिकारी-कर्मचारी लापरवाही बरतेंगे, तो उन्हें कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहना होगा। ये कहना है स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री टी. रविकांत का। उन्होंने लापरवाही पर कार्रवाई करते हुए नगर परिषद तिजारा व फतेहपुर के अधिशाषी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए। उन्होंने वीसी में कहा कि यदि कार्य में कोई सुधार नहीं हुआ तो सख्त करवाई होगी व नाॅन परफार्मिंग कार्मिकों को चार्जशीट व नियमानुसार अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

लंबित प्रकरण, ई-फाईलिंग, राजस्व अर्जन पर समीक्षा वीसी–

श्री टी. रविकांत ने मंगलवार को वीडियो काॅन्फ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सभी निकायों के अधिकारियों से बारी-बारी से लंबित प्रकरणों के निस्तारण, ई-फाईलिंग, राजस्व अर्जन और साफ सफाई से जुड़े कार्यों की प्रगति जानी और लापरवाही पर फटकार भी लगाई। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन सेवाओं से आमजन को ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित किया जाये ताकि राजस्थान में ना हो राजकोट जैसा हादसा श्री रविकांत ने निर्देश दिये कि सभी आयुक्त-ई.ओ. भीड़ वाली जगहों जैसे गेम जोन्स, अस्पताल, शाॅपिंग माल्स व कोचिंग सेंटर्स का निरीक्षण और माॅनिटरिंग करेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी तीन दिनों में अपने क्षेत्रों में निरीक्षण करने के लिए टीमें गठित करें और इस पूरे काम की सघन माॅनिटरिंग भी की जाए। 15 जून से पहले हों वर्षा ऋतु की सभी तैयारियां श्री रविकांत ने आदेश दिये कि वर्षा ऋतु को देखते हुए 15 जून से पहले समस्त नालों की सफाई सुनिश्चित की जाये। साथ ही जल संग्रहण के प्रभावी उपाय भी किए जाएं। सफाई व्यवस्था हो दुरुस्त श्री रविकान्त ने निर्देश दिये कि सभी अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन प्रातः 6-9 बजे तक सफाई व्यवस्था का सघन निरीक्षण किया जाये एवं वार्डवार प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए जाएं। उन्होंने सभी अधिकारियों को यह निर्देश दिये कि वे कार्यालय ये ज्यादा फील्ड में नजर आएं।

पेड़ लगाने बहुत जरूरी, जल्द कार्ययोजना बनाकर करें क्रियान्वयन–

प्रमुख शासन सचिव श्री टी. रविकांत ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जल्द से जल्द पेड़-पौधे लगाने के लिए कार्य योजना तैयार की जाए। साथ ही समय से पहले पेड़-पौधे लगाने का टारगेट पूरा किया जाए। ताकि पर्यावरण

संरक्षण की दिशा में विभाग की ओर से भी अहम योगदान दिया जा सके। आमजन को भी पौधारोपण के लिए करें प्रेरित श्री रविकांत ने कहा कि विभाग की ओर से ना केवल पेड़-पौधे लगाए जाएं, बल्कि आमजन को भी पौधारोपण के लिए प्रेरित किया जाए। ताकि ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधे लगाए जा सकें और आने वाले कल को सुरक्षित किया जा सके। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में स्थानीय निकाय विभाग के निदेशक श्री सुरेश ओला, अतिरिक्त निदेशक श्री श्याम सिंह शेखावत,समेत नगरीय निकायों के आयुक्त और अन्य अधिकारीगण जुड़े।

कुणाल/अभिषेक